# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
# हरिद्वार–249404

संख्याः **171/08/PCS(P)-25)/G-2/2025-26** दिनांकः 08 अक्टूबर, 2025

## <u>विज्ञप्ति</u>

### उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2025

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2025 के लिये विज्ञापन संख्या– A-1/E-1/PCS-2025/2025-26 दिनांक 07 मई, 2025 द्वारा रिक्तियां प्रकाशित की गयी हैं, जिसके क्रम में प्रारम्भिक परीक्षा दिनांक 29 जून, 2025 को आयोजित की गयी तथा 15 अभ्यर्थियों के लिए द्वितीय प्रश्नपत्र सामान्य बुद्धिमत्ता के लिए पुनः परीक्षा दिनांक 10.09.2025 को आयोजित की गई। विज्ञापन के प्राविधानानुसार अर्हकारी द्वितीय प्रश्नपत्र सामान्य बुद्धिमत्ता परीक्षा में 33 प्रतिशत अंक धारित अभ्यर्थियों के प्रथम प्रश्नपत्र सामान्य अध्ययन के प्राप्तांक से निर्मित प्रवीणता सूची तथा अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में उल्लिखित आवेदित पद के दावे के आधार पर **सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा–2025** का परीक्षा परिणाम दिनांक 08.10.2025 को घोषित कर दिया गया है। प्रारम्भिक परीक्षा का परिणाम, कट ऑफ मार्क्स, अन्तिम उत्तर–कुंजी एवं परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के प्राप्तांक आयोग की वेबसाईट psc.uk.gov.in पर प्रसारित कर दिये गये हैं। प्रारम्भिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिये मुख्य परीक्षा का शुल्क जमा करने हेतु आयोग की वेबसाइट www.psc.uk.gov.in पर लिंक खोला जायेगा। इस सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश आयोग की वेबसाइट पर पृथक से प्रकाशित किये जायेगें। मुख्य (लिखित) परीक्षा का आयोजन दिनांक 06 से 09 दिसम्बर, 2025 की अवधि में किया जाना निर्धारित है।

-Sd-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव